प्रतिवेदन

अन्तर सदन कवि सम्मेलन प्रतियोगिता

कवि और कविता समाज का दर्पण है, तो कवि सम्मेलन उसका साक्षात प्रतिबिम्ब।

कवि सम्मेलन भारतीय संस्कृति में लोक परंपरागत जनसंचार के माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित है।मनोरंजन और लोकशिक्षण के समन्वय की यह विधा वास्तव में साहित्य,संस्कृति तथा भाषा का संगम है।

हिलवुडस स्कूल, गांधीनगर के प्रांगण में शुक्रवार (13-07-2018) को अन्तर सदन कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कक्षा नवमीं व दसवीं के विदयार्थियों ने भाग लिया।

मंच से प्रतिभागियों न जहाँ देश की भयावह व्यवस्था पर प्रहार कर स्त्रोताओं को अंदर तक हिलाकर रख दिया तो वहीं ठहाके मारने पर भी मज़बूर कर दिया था।एक तरफ जहाँ देशभक्ति की भावना से गोर्वान्वित किया तो दूसरी तरफ सामाजिक संबंधों के ताने-बाने का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया।इस प्रकार प्रतियोगिता में श्रृंगार,ओज तथा हास्य रसो का रसपान कराया।

चारों सदनों के प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया परंतु प्रतियोगिता में श्रेष्ठ सदन साँची रहा तो वहीं श्रेष्ठ कवयित्री दिव्या भार्गव (उज्जैन सदन) को चुना गया।